# पीएम आवास

# चतरा शहर में तय समय में पूरा होगा

नगर परिषद

**कार्यपालक पदाधिकारी ने कई वार्डों का किया भ्रमण, कमीशन लेने वालों पर होगी कार्रवाई**

## मार्च 2022 तक शहर में बनेंगे 1998 आवास

**प्रतिनिधि, चतरा**

नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुरेंद्र सिंह ने सोमवार को कई वार्डों का भ्रमण कर प्रधानमंत्री आवास योजना का निरीक्षण किया. उन्होंने पुराने लाभुकों को जल्द से जल्द आवास निर्माण कार्य पूर्ण कराने को कहा. राशि के अभाव में कई लाभुकों ने अबतक आवास निर्माण कार्य शुरू नहीं किया है. श्री सिंह ने कहा कि बहुत जल्द सभी लाभुकों के खाते में आवास निर्माण के पहले किस्त की राशि भेजी जायेगी. उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा आवास निर्माण के लिए राशि भेजी गयी है. समय पर राशि का सदुपयोग नहीं होने पर राशि वापस चली जायेगी. उन्होंने बताया कि वर्ष 2016 से लेकर 2019 तक शहर में मात्र 945 आवास का निर्माण कराया गया है. मार्च 2022 तक 1998 आवास का निर्माण करने का लक्ष्य है. उन्होंने लाभुकों से आवास निर्माण में किसी को भी कमीशन नहीं देने को कहा है. बताया कि कोई भी व्यक्ति आवास के नाम पर पैसे की मांग करता है, तो इसकी शिकायत करें. कार्रवाई की जायेगी. उन्होंने बताया कि कार्यालय का निर्गत बही नगर परिषद अध्यक्ष गुंजा देवी ले गयी है, जिसके कारण कई कार्य प्रभावित हो रहा है. इसे लेकर नप अध्यक्ष, बड़ा बाबू नागेंद्र गुप्ता व कर्मचारी राजकिशोर मिश्रा के खिलाफ सदर थाना में मामला दर्ज कराया गया है. मौके पर वार्ड पार्षद मनोज प्रधान उपस्थित थे.



लाभुक को समझाते कार्यपालक पदाधिकारी.

नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार

Toll free no.: 1800-120-2929 | Website : www.dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA